Name : ..........................................................................................................................

Roll No. : ..............................................

कुल प्रश्नों की संख्या : **18** ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **7**

# B-231070–A

## विषय : हिन्दी

समय : **3 घण्टे** ] [ पूर्णांक : **75**

***निर्देश*** :

(*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक **1** वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित सम्बन्ध जोड़िए सम्बन्धी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक **2** से **6** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक **7** से **10** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *50* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक **11** से **15** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *75* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक **16** अपठित गद्यांश है। इसमें 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक **17** निबंध-लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक **18** पत्र-लेखन है। इसमें 5 अंक निर्धारित हैं।

(*ix*) प्रश्न क्रमांक **11** से **18** तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

S-1

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) 'मैं मजदूर हूँ' पाठ किस शैली में लिखा गया है ?

(*अ*) विचारात्मक

(*ब*) आत्मकथात्मक

(*स*) गवेषणात्मक

(*द*) वर्णनात्मक

(*ii*) मधुलिका ने अरुण के कहने पर महाराज से भूमि माँगी थी :

(*अ*) राजमहल के समीप

(*ब*) तालाब के समीप

(*स*) दुर्ग के दक्षिणी नाले के समीप

(*द*) नगर द्वार के समीप

(*iii*) तीजन बाई को पद्मभूषण अलंकरण प्राप्त हुआ था :

(*अ*) शास्त्रीय गायन के लिए

(*ब*) फिल्मी गायन के लिए

(*स*) तमिल गायन के लिए

(*द*) पण्डवानी गायन के लिए

(*iv*) घुघुवा शब्द का अर्थ है :

(*अ*) कोयल

(*ब*) कौवा

(*स*) तोता

(*द*) उल्लू

(*v*) सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता है :

(अ) झाँसी वाली रानी

(ब) रानी नागफनी

(स) रानी दुर्गावती

(द) एक थी रानी

**प्रश्न-1** **( खण्ड-ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) बगुला समाज के ——— वर्ग का प्रतीक है।

(*ii*) 'जनतंत्र का जन्म' कविता में मिट्टी की अबोध मूरत ——— को कहा गया है।

(*iii*) कोशल के कृषि महोत्सव में ——— को एक दिन के लिए कृषक बनना पड़ता था।

(*iv*) ठूँठ को ——— का प्रतीक माना जाता है।

(*v*) ——— ने लिखा था—माँ तो सबकी एक जैसी होती है।

**प्रश्न-1** **( खण्ड-स )** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| | **( क )** | | **( ख )** |
|---|---|---|---|
| (*i*) | बादल को घिरते देखा है | – | चिड़ियों को न्योता |
| (*ii*) | कन्यादान | – | मृत्युभोज |
| (*iii*) | गृह-प्रवेश | – | आगे बढ़ने की प्रेरणा |
| (*iv*) | मरिया | – | नागार्जुन |
| (*v*) | जीवन का झरना | – | ऋतुराज |

**प्रश्न-2** हिन्दी गद्य साहित्य की पहली कहानी का नाम लिखिए। [2]

**प्रश्न-3** काले माथे वाली चिड़िया किस तरह से मछली पकड़ती है ? [2]

**प्रश्न-4** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कर लिखिए : [½+½+½+½=2]

(*i*) सिंहासन खाली करना

(*ii*) पसीना बहाना

**प्रश्न-5** महादेवी वर्मा अकसर अपनी छुट्टियाँ कैसे बिताया करती थीं ? [2]

**प्रश्न-6** छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख लोक नृत्यों के नाम लिखिए। [½+½+½+½=2]

**प्रश्न-7** कृष्ण भक्ति शाखा के तीन कवियों के नाम तथा उनकी एक-एक रचना लिखिए। [½+½+½+½+½+½=3]

**प्रश्न-8** लड़की को दान देते वक्त माँ को अंतिम पूँजी देने जैसा दु:ख क्यों हो रहा है ? [3]

**प्रश्न-9** जमींदार होने के बाद भी शहीद वीर नारायण सिंह की लोकप्रियता के क्या कारण थे ? [3]

**प्रश्न-10** आपके हिसाब से कौन-कौन से काम गलत हैं, जिन्हें हमें नहीं करना चाहिए ? [3]

**प्रश्न-11** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

निर्झर में गति है, यौवन है, वह आगे बढ़ता जाता है।
धुन सिर्फ एक है चलने की, अपनी मस्ती में गाता है।
बाधा के रोड़ों से लड़ता, वन के पेड़ों से टकराता।
बढ़ता चट्टानों पर चढ़ता, चलता यौवन से मदमाता।

***अथवा***

सरल काव्य-सा सुंदर जीवन हम सानंद बिताते हों।
तरु दल की शीतल छाया में चल समीर-सा गाते हों॥
सरिता के नीरव प्रवाह-सा बढ़ता हो अपना जीवन।
हो उसकी प्रत्येक लहर में अपना एक निरालापन॥

**प्रश्न–12** ''अमरकंटक ने नर्मदा को जन्म देकर भारत को वरदान दिया है।'' ऐसा क्यों कहा गया? चार बिन्दुओं में अपने विचार लिखिए। [1+1+1+1=4]

***अथवा***

एक कोलाहल भरे, आबादी वाले तथा शांत ग्रामीण अंचल की तुलना चार बिन्दुओं में कीजिए।

**प्रश्न–13** मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी को किस तरह बदल दिया? अपने विचार लिखिए। [4]

***अथवा***

विवाह पूर्व लड़की की मायके के प्रति कैसी जिम्मेदारी होती है और विवाह पश्चात् ससुराल में उसके क्या–क्या दायित्व होते हैं? अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न–14** किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों को जागरूक करने के लिए क्या–क्या प्रयास करने होंगे? कोई **चार** प्रयास लिखिए। [1+1+1+1=4]

***अथवा***

फैक्ट्री में काम करते हुए घायल / दुर्घटनाग्रस्त (दिव्यांग) मजदूरों के प्रति मालिकों की क्या–क्या जिम्मेदारियाँ होनी चाहिए? कोई चार जिम्मेदारियाँ लिखिए।

**प्रश्न–15** मीरा ने अपनी आँखों में बसे कृष्ण की छवि का वर्णन कैसे किया है? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

'गोधूली' कहानी में से वे बिन्दु छाँट कर लिखिए जहाँ पर परिस्थिति बदलती है।

**प्रश्न-16** निम्नलिखित अपठित गद्यांश का उचित अध्ययन कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1+1+1+1+1=5]

हमारे देश में त्यौहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हैं या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में, सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करते हैं। ये त्यौहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग एवं खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना भी बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार एवं सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्यौहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक है, केवल उस लक्ष्य तक पहुँचने के तरीके अलग-अलग हैं।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) त्यौहार किससे प्रभावित होते हैं ?

(*iii*) त्यौहारों का जनमानस पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(*iv*) हम प्रगति की ओर कैसे बढ़ सकते हैं ?

(*v*) त्यौहारों के माध्यम से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(*vi*) 'उल्लास' का संधि-विच्छेद कीजिए।

**प्रश्न–17** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250–300* शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) मोबाइल क्रांति

(*ii*) महँगाई की समस्या और निदान

(*iii*) छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल

(*iv*) स्वच्छ भारत – स्वस्थ भारत

(*v*) जीवन में खेलों का महत्व

**प्रश्न–18** सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए एक आवेदन लिखिए। [1+3+1=5]

***अथवा***

अपने पिता को एक पत्र लिखिए जिसमें कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए 500 रुपये भेजने की प्रार्थना की गई हो।

———